बैंक को जल्द सूचित कर बड़ी हानि से बचा जा सकता है

हमीदिया कॉलेज में वित्तीय साक्षरता पर बोले वक्ता

सिटी रिपोर्टर . भोपाल

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से वित्तीय साक्षरता संगोष्ठी और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि आरबीआई के अतिरिक्त महाप्रबंधक विक्रम गोयल मुख्य रूप से उपस्थित हुए। यहां उन्होंने कहा कि आज के समय में लोगों का वित्तीय साक्षर होना अनिवार्य है। डिजिटल लेन-देन में बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है।

पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता

- प्रथम- उत्कर्ष एवं सुभाष
- द्वितीय- करण सिंह
- तृतीय- श्यामसुंदर पटेल

गड़बड़ी होने पर नियत समय में बैंक को सूचित करने पर बड़ी हानि होने से बचा जा सकता है। वहीं कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. पीके जैन ने कहा कि डिजिटल बैंकिंग एवं कैशलेस को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। वहीं संगोष्ठी के दूसरे क्रम में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने डिजिटल ट्रांजेक्शन के बढ़ते कदम और इस दौरान बरतने वाली सावधानियों से जुड़े पोस्टर तैयार किए।

हमीदिया कॉलेज में साक्षरता संगोष्ठी और प्रतियोगिता

आज के समय में वित्तीय साक्षरता आवश्यक: गोयल

सत्ता सुधार | भोपाल

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा रिजर्व बैंक आफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता संगोष्ठी एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि अतिरिक्त महाप्रबंधक आरबीआई विक्रम गोयल रहें। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पीके जैन ने की। अतिरिक्त महाप्रबंधक विक्रम गोयल ने कहा कि आज के समय में लोगों को वित्तीय साक्षर होना अनिवार्य है क्योंकि डिजिटल लेन-देन में बरतने वाली सावधानियों के प्रति लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है, गड़बड़ी होने पर नियत समय में बैंक को सूचित करने पर बड़ी हानि होने से बचा जा सकता है और इस कार्य में अवेयरनेस के लिए एनएसएस वालंटियर्स की भूमिका अहम है। उन्होंने अंत में बैंकिंग लोकपाल, नोटों की विशेषताएं, कटे-फटे नोट बदलने के नियम और कैशलेश लेन-देन की जानकारी प्रदान की। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्राचार्य डॉ. पीके जैन ने कहा कि महाविद्यालय में डिजिटल बैंकिंग एवं कैशलेस को बढ़ावा देने के लिए समय समय पर विभिन्न गतिविधियां निरंतर आयोजित की जा रही है। साथ ही विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र डॉ. प्रभा भट्ट, डॉ. पुष्पलता चौकसे, डॉ. मीता वर्मा ने युवाओं को संबोधित किया। स्वागत उद्बोधन जिला संगठक डॉ. आरएस नरवरिया ने दिया। इस अवसर पर डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. आरपी शाक्य, शुभम चौहान, आशुतोष मालवीय सहित छात्र उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के विजेता

प्रथम- उत्कर्ष एवं सुभाष
द्वितीय- करण सिंह
तृतीय- श्यामसुंदर पटेल